बिहार लोक सेवा आयोग

15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना – 800001

आवश्यक सूचना

विज्ञापन संख्या – 05/2020 के अधीन खान एवं भूतत्व विभाग, बिहार के अन्तर्गत बिहार खान एवं भूतत्व सेवा के मूल कोटि, खनिज विकास पदाधिकारी के वैसे अभ्यर्थी, जो उक्त विज्ञापन के अन्तर्गत पूर्व में ऑनलाईन आवेदन भर चुके हैं, से खनन अथवा भूतत्व में से किसी एक ऐच्छिक विषय के चयन करने हेतु ऑनलाईन आवेदन की प्रक्रिया दिनांक 08.09.2020 से 17.09.2020 तक जारी की गई थी। कतिपय उम्मीदवारों द्वारा विविध कारणों से ऐच्छिक विषय का चयन नहीं करने संबंधी प्राप्त E-mail के आलोक में ऐच्छिक विषय के चयन हेतु ऑनलाईन आवेदन की प्रक्रिया दिनांक 04.10.2020 तक विस्तारित की गई थी।

कतिपय उम्मीदवारों द्वारा उक्त विस्तारित तिथि तक ऐच्छिक विषय का चयन नहीं किया गया है। तदालोक में ऐच्छिक विषय के चयन हेतु ऑनलाईन आवेदन में उपर्युक्त ऐच्छिक विषय चयन करने की प्रक्रिया दिनांक 08.10.2020 से 17.10.2020 तक पुनः विस्तारित की जाती है। उक्त विस्तारित अंतिम तिथि तक अगर कोई उम्मीदवार ऐच्छिक विषय का चयन नहीं करते हैं, तो उनके द्वारा स्नातक स्तर पर लिये गये विषय के आधार पर ऐच्छिक विषय के संबंध में निर्णय लेने हेतु आयोग स्वतंत्र होगा।

अभ्यर्थी पूर्व में प्राप्त Login ID और Password से Login कर Dashboard पर प्राप्त बटन से ऐच्छिक विषय का चयन कर Submit करेंगे। इसके बाद Application Form का PDF डाउनलोड करेंगे। तदनुरूप डाउनलोड किये गये Application Form की हार्ड कॉपी को आयोग कार्यालय को भेजने की आवश्यकता नहीं है। इसे अपने पास ही सुरक्षित रखेंगे।

6.10.20

संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना